तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 स्थानांतरण पर शहरवासियों ने दी एसडीओपी तिर्की को विदाई



13 किसानों ने नए अध्यक्ष के समक्ष रखी कई समस्याएं



# उदयपुर में बिखरी छग की मिट्टी की महक और व्यंजनों की खुशबू

## बेमेतरा की शिक्षिका अर्पणा शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजस्थान के उदयपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला एनईपी 2020 के अनुरूप शिक्षा में कठपुतली की भूमिका में छत्तीसगढ़ की छटा कुछ इस कदर बिखरी कि 13 राज्यों से आए शिक्षकों का मन मोह लिया। 15 दिवसीय इस कार्यशाला में बेमेतरा जिले की शासकीय प्राथमिक शाला गर्रा की शिक्षिका अर्पणा शर्मा ने नेतृत्व करते हुए छत्तीसगढ़ी टीम की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत से हुई, इसके बाद अर्पणा शर्मा, उमेश ठाकुर, नीलकंठ यादव व अंजलिना पीटर ने छत्तीसगढ़ की भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक झलक पेश की। माता कौशल्या मंदिर (चंदखुरी), सिरपुर का गंधेश्वर महादेव, बस्तर का दंडकारण्य, शिवरीनारायण मंदिर से लेकर एशिया का दूसरा सबसे बड़ा चर्च 'रोजरी की महारानी महागिरजाघर' तक की जानकारी ने सबको आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था और विश्वविद्यालयों– इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, एम्स, एनआईटी और 11 मेडिकल कॉलेजों की उपलब्धियों से भी सबको अवगत कराया गया। कला और संस्कृति की चर्चा में पद्मश्री तीजनबाई, ममता चंद्राकर, देवदास बंजारे जैसे कलाकारों का योगदान याद किया गया, तो वहीं तीजा, पोरा, हरेली, गौरा-गौरी, छेरछेरा जैसे त्यौहारों का महत्व बताया गया।



### छत्तीसगढ़ी व्यंजन बने आकर्षक

कार्यक्रम का स्वाद बढ़ा छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, अइरसा, चीला, फरा और सलोनी की प्रस्तुति ने। दर्शकों को इनकी बनाने की विधि भी बताई गई। वहीं कर्मा, सुआ, राउत नाचा और आदिवासी नृत्यों के प्रदर्शन से पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समापन में "पढ़ेला जाबो रे" गीत ने तो मानो समां ही बांध दिया। इस अवसर पर बेमेतरा की अर्पणा शर्मा के साथ रायपुर की अंजलिना पीटर, कोरबा की निशा अग्रवाल, कवर्धा की दिलेश्वरी देवांगन, महासमुंद के नीलकंठ यादव, सरगुजा की प्रिया सिंह, धमतरी की पूर्णिमा मजुमदार, स्नेहलता कुर्रा, योगेश्वरी ध्रुव, नरेंद्र साहू, टीकराम कुंजाम और मेनका सिन्हा ने अपनी प्रस्तुतियों से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

## खबर संक्षेप

### नियम पालन से पितरों का मिलता है आशीर्वाद



**बेमेतरा/बारगांव।** रविवार से पितृ पक्ष की शुरुआत हो गई है, जिसका समापन 21 सितंबर को सर्वपितृ अमावस्या पर होगा। इस दौरान पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध किया जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित बोसेन्द्र पांडेय का कहना है कि नियमों का पालन करने पर ही पितरों का आशीर्वाद मिलता है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने बताया कि इस बार अष्टमी और नवमी का श्राद्ध 15 सितंबर को होगा। पितृ पक्ष में बाल-दाढ़ी न कटवाने, सात्विक भोजन करने और श्रद्धा से जल अर्पण करने का विधान है। तिथि ज्ञात होने पर उसी दिन पिंडदान करना श्रेष्ठ माना जाता है, जबकि तिथि न होने पर सर्वपितृ अमावस्या को श्राद्ध करना उत्तम होता है। पंडित बोसेन्द्र ने कहा कि कौवों को भोजन कराना भी जरूरी है, क्योंकि मान्यता है कि उनके माध्यम से अन्न पितरों तक पहुंचता है। श्राद्ध के अंत में ब्राह्मण को भोजन व दान देने से पितर प्रसन्न होते हैं और घर-परिवार को आशीर्वाद देते हैं।

### शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के तहत बीईओ व अधिकारियों ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**बेमेतरा/बेरला।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विकासखंड बेरला के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी आदेश कुमार यूईके एवं बीआरसी खोमलाल साहू शामिल रहे। निरीक्षण की शुरुआत शासकीय प्राथमिक शाला बेरलाकला से हुई। यहां बच्चों की पढ़ाई, प्रिंट रिच वातावरण और शिक्षकों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। इसके बाद टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा का अवलोकन किया, जहां प्रधान पाठक व सहायक शिक्षक मौजूद थे। कक्षा पांचवीं के बच्चों को पाठ्यपुस्तक पढ़ने के लिए कहा गया तो सभी ने आत्मविश्वास से पाठ प्रस्तुत किया। विद्यालयों के बेहतर माहौल के लिए बीआरसी खोमलाल साहू ने प्रधान पाठक और शिक्षकों की सराहना की। वहीं, बीईओ ने शिक्षकों को कमजोर बच्चों के लिए विशेष योजना बनाकर पालकों से संवाद स्थापित करने तथा बच्चों को कक्षा अनुरूप दक्षता दिलाने के निर्देश दिए।

## परेशानी : तीन साल से बाढ़ गायब, इस बार आधे से भी कम बरसा पानी

# पानी के अभाव में सूख रहे खेत-खलिहान फसलें पीली पड़ी, हैंडपंप दे रहे जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बरसात का नाम सुनते ही कभी नवागढ़ का बस स्टैंड तालाब बन जाया करता था। छोईहा-मोहरेंगा नाले के उफान पर कमर तक पानी भर जाता था, बूढ़े-बच्चे ट्यूब लेकर तैराकी करते और दुकानदार पानी से बचाने के लिए जुगाड में रहते। हालत ऐसे थे कि शहर दो हिस्सों में बंट जाता था।

- किसान बोले- धान के लिए अब पानी ही ऑक्सीजन है

अब नजारा पलट गया है। तीन साल से बाढ़ तो जैसे छुट्टी पर है और इस साल तो नदी-नाले सूखकर हैंडपंप तक प्यासे हो गए। खेतों का धान आईसीयू में भर्ती है और डॉक्टर पूछ रहे ऑक्सीजन कहां है? जवाब साफ है कि पानी ही ऑक्सीजन है।



### नगर के तालाब से सूखे तक की यात्रा

बरसात का वो वक्त अब बस किस्सों में रह गया जब बस स्टैंड में लोग ट्यूब लेकर तैरते थे और बच्चे बारिश को त्योहार की तरह मनाते थे। अब वही बस स्टैंड प्यासा पड़ा है। गर्मी के चार महीने लोग जल संकट से जूझते रहे और अब कमजोर बरसात ने साफ कर दिया है कि ठंड भी प्यास बुझाने वाली नहीं होगी। हैंडपंप ऐसे रूठे हैं जैसे किसी से नाराज होकर घर छोड़ दिया हो।

### आधे से भी कम बरसे बादल

इस बार नवागढ़ तहसील में अब तक केवल 339 मिमी बारिश हुई, जबकि सालाना औसत 834 मिमी होती है। नतीजा ये कि खेतों में धान की पत्तियां पीली पड़ चुकी हैं, पौधों की बढ़वार थम गई है और किसान आसमान की ओर ताकते-ताकते थक चुके हैं। गांवों में मजाक चल रहा है धान बचाना है तो अब भगवान ही सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बन सकते हैं।



### नगर पंचायत अध्यक्ष - जल संकट से निपटने ठोस कदम उठाएंगे

नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा- नवागढ़ की जल समस्या अब बड़ी चुनौती बन गई है। तीन साल पहले तक जहां बाढ़ से लोग परेशान रहते थे, वहीं आज हालात ऐसे हैं कि हैंडपंप तक जवाब दे रहे हैं। नगर पंचायत स्तर पर हम पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए योजना बना रहे हैं। आने वाले समय में टैंकर आपूर्ति, नलकूप सुधार की तैयारी की जा रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि नगर के हर घर तक पीने का पानी समय पर पहुंचे।

### अधिकारी का जवाब-बारिश ही असली लाइफलाइन

एसएडीओ आर. चर्तुवेदी ने कहा- बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन फसल को बचाने के लिए आगे और झड़ी जरूरी है। प्रशासन हालात पर नजर रखे है। किसानों के लिए इस समय बारिश ही असली लाइफलाइन है।

### जिले में अब तक की बारिश

जिले में 1 जून से 11 सितंबर तक औसतन 475.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इनमें सबसे अधिक वर्षा थानखम्हरिया तहसील में 778.8 मिमी और सबसे कम नवागढ़ तहसील में 339 मिमी रही। इसके अलावा बेमेतरा तहसील में 427.5 मिमी, नांदघाट में 435.2 मिमी, बेरला में 443.2 मिमी, देवकर में 414.5 मिमी, दाढ़ी में 555.8 मिमी, भिंभौरी में 342.5 मिमी और साजा तहसील में 539 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### जनप्रतिनिधि का हमला-प्रशासन रिपोर्ट बनाने में चैंपियन

जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने तंज कसते हुए कहा कि किसान रोज खेत में प्यासा धान देखकर रो रहे हैं और प्रशासन रिपोर्ट बनाने का चैंपियन बना बैठा है। नहर से वैकल्पिक पानी अब तक पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन फाइल सरक रही है, खेत नहीं। ये लापरवाही अब और नहीं चलेगी।

# विक्षिप्त व्यक्ति ने किया हमला दंपति घायल, बकरी की मौत



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

गुरुवार की शाम, बेमेतरा जिले के ग्राम करमू में उस समय दहशत फैल गई, जब गांव के एक विक्षिप्त व्यक्ति लीलाराम साहू ने टांगी (कुल्हाड़ी जैसा औजार) लेकर लोगों पर हमला कर दिया।

यह घटना शाम करीब 6 बजे हुई, जब लीलाराम ने सड़क पर चलते लोगों को धमकाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते, उसने ग्रामीण कमलेश साहू और उनकी पत्नी कुमारी बाई पर टांगी से हमला कर दिया। इस हमले में कमलेश के गले और कान के पास गहरी चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी के कंधे पर बड़ा घाव हो गया। इस अचानक हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। हमले में एक बकरी की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से लीलाराम को काबू में किया और उसे रस्सी से बांधकर अस्पताल पहुंचाया। हैरानी की बात यह है कि हमले के दौरान लीलाराम खुद भी टांगी की चपेट में आ गया और उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं।

घायल दंपति को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खम्हरिया ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

सूचना मिलने पर खम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों के बयान दर्ज किए और आरोपी को हिरासत में लिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते लीलाराम को नहीं रोका जाता, तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

# सशक्त एप बनी पुलिस का हथियार, बाइक चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में चोरी की घटनाओं पर नकेल कसते हुए पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में खरोरा निवासी साहिल खान को चोरी की दो मोटरसाइकिलों समेत दबोच लिया गया। खास बात यह रही कि आरोपी को पकड़ने में पुलिस को "सशक्त एप" ने बड़ी मदद की।

14 अगस्त को विजय शेखर वर्मा की होंडा शाइन और 30 अगस्त को चंद्रकुमार निषाद की हीरो एचएफ डीलक्स बेमेतरा क्षेत्र से चोरी हो गई थी। दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। वाहन चेकिंग के दौरान "सशक्त एप" से जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में उसने दोनों बाइक चोरी करने की बात स्वीकारी। आरोपी की निशानदेही पर करीब 60 हजार रुपए की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मयंक मिश्रा और उनकी टीम के साथ साइबर सेल का भी अहम योगदान रहा।

# बेमेतरा के दो विद्यालयों को नवीन भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा जगत के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और कन्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय को नया भवन मिलने की स्वीकृति मिली। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और शाला प्रबंधन समिति के सदस्य विधायक दीपेश साहू के निवास पहुंचे और उनका आभार जताते हुए धन्यवाद पत्र सौंपा। विद्यालय प्रबंधन समिति ने पत्र में उल्लेख किया कि हमारे विद्यालय का छात्र आज विधायक बनकर प्रदेश में पहचान बना रहा है। भवन की जर्जर स्थिति को देखकर उन्होंने शासन से प्राथमिकता पर नवीन भवन की स्वीकृति दिलाई, जिसके लिए शिक्षा परिवार आभारी है। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि नया भवन विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और आधुनिक माहौल देगा तथा शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वहीं कन्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय की प्राचार्य ने इसे कन्या शिक्षा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि इससे बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर ▶▶| शेष पेज 13 पर

- शिक्षकों ने विधायक साहू का जताया आभार



# गौ माता को राज्य माता घोषित करने की उठी मांग, पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के मुख्यालय में गुरुवार को गौ न्याय जागरण पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में सैकड़ों गौ रक्षक, सर्व समाज के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए। पदयात्रियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए गौ माता को राज्य माता घोषित करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार, पदयात्रा की शुरुआत सिंगोरी चौक से हुई। गौ रक्षकों ने संकल्प लिया कि जब तक गौ माता को राज्य माता का दर्जा नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यह पदयात्रा भक्त माता कर्मा चौक से होकर नगर भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। इस मौके पर लक्ष्मेश्वर धाम के दंडी स्वामी और गौ रक्षक संगठन के प्रमुख आदेश सोनी ने युवाओं के साथ शपथ ली कि वे गौ माता की रक्षा और सम्मान हेतु निरंतर संघर्ष करेंगे। गौ रक्षकों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि – गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, अतः उन्हें राज्य माता ▶▶| शेष पेज 13 पर

- जिले में गौ रक्षकों की पदयात्रा, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## यात्रा निकाल 151 फीट की चुनरी माता को चढ़ाया, सरकार के लिए मांग सद्बुद्धि

# एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन 25वें दिन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 25वें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे। इसी कड़ी में गुरुवार को बेमेतरा शहर में 151 फीट लंबी मनोकामना चुनरी यात्रा निकाली गई। रैली के रूप में निकले सैकड़ों कर्मचारी नगर भ्रमण करते हुए सिद्ध शक्ति पीठ माता भद्राकाली मंदिर पहुंचे। यहाँ उन्होंने माता का श्रृंगार कर चुनरी अर्पित की और आरती उतारी। करीब 400 कर्मचारियों ने माता से अपनी मांगें पूरी करने और सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की।

प्रदेशभर में लगभग 16 हजार एनएचएम कर्मचारी जिला मुख्यालयों में धरना स्थल पर डटे हुए हैं। हड़ताल के चलते ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों तक कई वार्ड बंद पड़े हैं। नर्सिंग स्टाफ की अनुपस्थिति से संस्थागत प्रसव सेवाएं ठप हो गई हैं। ऑनलाइन-ऑफलाइन रिपोर्टिंग पूरी तरह रुक गई है। संघ का कहना है कि अब आंदोलन आर-पार की स्थिति में पहुँच चुका है।





### मांगों पर अड़े कर्मचारी

एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण व सविलियन, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, अनुकम्पा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, कौशलेश चिकित्सा पद्धति लागू करना, मेडिकल अवकाश की सुविधा और सीआर पद्धति में सुधार शामिल हैं। जिला अध्यक्ष पूरन दास, जिला प्रवक्ता बृजेश दुबे और सुमित मिश्रा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि जब तक लिखित आदेश जारी नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

सरकार का रवैया ही हड़ताल को लंबा खींच रहा है। आज धरना स्थल पर बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी मौजूद रहे। इनमें डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. तृप्ति दुबे, दिनेश गंगबेर, डॉ. गोदावरी साहू, मनीष शर्मा, जितेंद्र लहरे, लक्ष्मी पटेल, ममता निषाद, वंदना गुप्ता, गोदावरी वर्मा, संध्या साहू, सुमित्रा साहू, सुशीला साहू, कुसुम पटेल, हेमलता कुर्रे, रेशमी बंजारे, करिश्मा यादव, गुलाब यादव सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

# बगैर सूचना निरीक्षण करने पहुंची टीम का छात्रों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

निरीक्षण सुनते ही स्कूलों में अक्सर सफाई से लेकर हाजिरी तक सब टॉप क्लास हो जाती है, लेकिन इस बार मामला उल्टा हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी जब गुरुवार सुबह 10 बजे सेजेस नवागढ़ पहुंचे तो बच्चों ने बैंड-बाजे के साथ ऐसी लयबद्ध प्रार्थना की कि माहौल मंदिर जैसा लगने लगा। अधिकारी खुश भी हुए लेकिन तभी नज़र फर्श पर गई। साफ-सफाई ऐसी थी कि लग रहा था जैसे झाड़ू ने भी हड़ताल कर दी हो। निरीक्षण में 23 शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद मिले। एक शिक्षक गायब थे, शायद सोच रहे होंगे कि डीईओ साहब के पास इतनी फुर्सत कहां कि आज ही हमारे क्लास में झांक लेंगे। लेकिन किस्मत देखिए, आज ही झांक लिया। चतुर्वेदी ने फरमान सुनाया समय पर स्कूल आना है, छुट्टी सिर्फ पोर्टल पर लेनी है और रिजल्ट 90 प्लस चाहिए। अब शिक्षक सोच में पड़ गए कि 90 प्लस रिजल्ट लाने के लिए पहले बच्चों को पढ़ाएं या खुद निरीक्षण पास करने की कला सीखें। निरीक्षण के दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हितेंद्र बंजारे भी मौजूद रहे और माहौल में चुपचाप यह सोचते रहे कि आखिर ये निरीक्षण ज़्यादा किसके लिए है बच्चों के लिए या शिक्षकों की नब्ज़ टटोलने के लिए।

- एक शिक्षक मिला नदारद, स्कूल में देखी गंदगी

# खाद वितरण में गड़बड़ी, राठी भंडार पर कृषि विभाग ने की कार्रवाई

## कृषि विभाग की जांच में खुलासा, किसान ने नहीं मिली खाद, फिर भी रिकॉर्ड पर चढ़ा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के किसान लंबे समय से खाद-बीज के संकट से जूझते रहे। अब अन्य उर्वरक को लेकर उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बुधवार को एक और बड़ी सामने आई, जिसमें किसान ने उर्वरक उठाया ही नहीं है लेकिन पॉश मशीन में रिकॉर्ड हो गया है। जांच के बाद इसका खुलासा हुआ। कृषि विभाग ने राठी भंडार केंद्र अरमरीकला पर इस मामले में कार्रवाई की है। उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। बता दें कि जिले में खाद की किल्लत बनी हुई है। इधर निजी फर्म जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं। उर्वरकों की कालाबाजारी, होर्डिंग, डायवर्सन एवं अन्य गतिविधियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। इधर कृषि विभाग का दावा है कि सतत निगरानी की जा रही है। उर्वरक केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता की स्थिति में संबंधित विक्रय केन्द्र के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई भी का जा रही है। बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### पीएसओ मशीन में दर्शाई जा रही गलत जानकारी, किसान हो रहे परेशान

इधर कृषि विभाग की जांच में गड़बड़ी सामने आई है। अरमरीकला के मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार एवं मेसर्स गांधी कृषि केन्द्र द्वारा कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय परिलक्षित हुई। उक्त विक्रेताओं से उर्वरक क्रेता कृषकों से व्यक्तिगत संपर्क कर बयान लिया गया। इसके अनुसार पाया गया कि कृषकों द्वारा खरीफ फसल हेतु क्रय किये गये उर्वरक मात्रा से अत्यधिक मात्रा विक्रेता द्वारा मशीन में उनके नाम से दर्ज किया गया है, जिन कृषकों द्वारा प्रतिष्ठान से उर्वरक क्रय ही नहीं किया है। उनके नाम से भी पीओएस मशीन में विक्रय मात्रा दर्ज की गई है। तथा निर्धारित दर से अधिक दर पर कृषकों को उर्वरक का विक्रय प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है।



### सेंटर पर मारा छापा, स्टाक में मिली गड़बड़ी

संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गभेल से मिली जानकारी अनुसार कृषकों के बयान लेने के बाद निरीक्षण दल ने मेसर्स राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला के विक्रय परिसर तथा खाद गोदाम का निरीक्षण किया। प्रतिष्ठान में उपलब्ध स्कंद पंजी एवं क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयक एफसीओ 1985 में प्रावधानित प्रारूप अनुसार नहीं पाया गया। स्कंद पंजी में दर्ज आवक मात्रा विक्रेता द्वारा थोक विक्रेताओं से क्रय किये गये उर्वरक के इनवाइस के अनुसार नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा क्रेताओं को जारी किये गये विक्रय देयकों में विक्रेता के लायसेंस नंबर एवं उर्वरक के बैच नंबर का उल्लेख नहीं पाया गया। विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से किये गये विक्रय के विरूद्ध अधिकांश क्रेताओं को विक्रय देयक ही जारी नहीं किया गया है। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमतः कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### 17 से सेवा पखवाड़ा, होंगे सामाजिक कार्य

दुर्ग। ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रेस्ट हाउस नगपुरा में अंजोरा मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। चंद्राकर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है। इस पखवाड़े में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और गरीब वर्ग तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। यह अभियान पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा और कार्यकर्ताओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ने और जनता तक सीधा पहुंचने का एक बड़ा अवसर होगा। बैठक में कांतिलाल जैन, गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, दिनेश देशमुख महामंत्री, यामिनी हरमुख, चेतन साहू, नंदू निर्मलकर, शिव निषाद, भाना बाई ठाकुर, दिव्या साहू, पुष्पा सिंह, रामकली साहू, छत्रपाल साहू, ओमकार देवांगन, विनोद साहू, ताम्रध्वज साहू आदि मौजूद थे।

## यूरिया की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

# 26 सोसाइटियों में नहीं यूरिया, बाकी जगहों पर किल्लत, सरकार नहीं चाहती है बेहतर उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किसानों के लिए यूरिया खाद की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता दर्जनों बैलगाड़ी में सवार होकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इससे पहले राजीव भवन शनिचरी बाजार में सभा हुई। सभा के बाद रैली की शक्ल में कार्यकर्ता बीजेपी कार्यालय के सामने से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान बीजेपी कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की गई। कलेक्टोरेट में कलेक्टर अभिजीत सिंह को बुलाने को लेकर जमकर विवाद हुआ। बाद में लिखित में आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। यूरिया की कमी और 266 रुपए की यूरिया की कालाबाजारी होने पर कांग्रेसी और किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जिले में यूरिया की भारी कमी है। इससे उत्पादन प्रभावित होगा। सरकार नहीं चाहती कि वे प्रति एकड़ हिसाब से 21 क्विंटल धान खरीदी, इसलिए साजिश रची जा रही है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा ठीक नहीं है। पहले डीएपी का संकट और कमी और अब यूरिया खाद की कमी सरकार स्वयं नहीं चाहती कि किसानों का 21 क्विंटल धान उत्पादन हो और सरकार को लेना पड़े पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार में कभी ऐसी किल्लत और खाद की कालाबाजारी नहीं हुई।

### गाड़ा-बैला में सवार होकर कांग्रेस नेताओं ने निकाली रैली



### 260 का यूरिया बाजार में बिक रहा 1200 रुपए में

धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सोसाइटी में खाद नहीं पहुंच रहा है, लेकिन कालाबाजारी के लिए दुकानदारों के पास यूरिया पहुंच जा रहा है। 266 का यूरिया मजबूरी में किसानों को 1200 रुपए में खरीदना पड़ रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर छापा मारने पर दुकानदारों के पास 145 मी टन खाद जप्त की गई । सीधा सीधा सरकार के संरक्षण में खाद की कला बाजारी हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में हर वर्ग परेशान है। पहले ही बिजली दर में 20 % बढ़ोतरी की गई है। बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने से शहरी हो या ग्रामीण गरीब मध्य वर्गी सभी का बिजली बिल 2 गुना आ रहा है।

### किसानों को नहीं हो रही खाद की सप्लाई, पैदावार प्रभावित होने का खतरा

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि 15 दिन हो गए हैं किसानों को अब तक खाद की पूर्ति नहीं की गई । लिखित आश्वासन के बाद राकेश ठाकुर ने कहा कि 2 दिन में सोसायटी के माध्यम से सभी किसानों को यूरिया का वितरण करना होगा। प्रदर्शन के दौरान आरएन वर्मा, अश्वनी साहू, अलताफ अहमद, रिवेंद्र यादव, संजय कोहले, नासिर खोखर, राजीव गुप्ता, रूपेंद्र शुक्ला, अजय गुप्ता, राजकुमार नारायणी, आनंद ताम्रकार, मोहित वाल्दे, तिलक राजपूत, शिशिर कसार, सुमित घोस, प्रमोद राजपूत, राजेश ठाकुर, हीरा वर्मा, भोला महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।



# सिकोला तालाब के पास नहीं बनी सड़क, ईरानी डेरा में कुत्तों का आतंक, शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने वार्डों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिकायत में जानकारी दी गई कि वार्ड 15 सिकोला बस्ती, गंज मंडी दीवार से लगे क्षेत्र में सड़क नहीं है। बारिश के दिनों में आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। जीरा गिट्टी डालने, नाली सफाई, कचरा डंप किए जाने की शिकायत की गई। इसी प्रकार वार्ड 40 केलाबाड़ी सुराना कॉलेज वार्ड में आवारा कुत्तों एवं जानवरों के आतंक के खिलाफ जन दर्शन में ज्ञापन सौंपा गया।

■ समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

वार्ड 15 सिकोला बस्ती दुर्ग, सिकोला तालाब के पास, न्यू सब्जी मंडी दीवार से लगे क्षेत्र के निवासी मोहल्ले में सड़क नहीं होने के चलते परेशानियों से जूझ रहे हैं। इसके चलते स्कूल, अस्पताल, काम में जाना एवं अन्य जरूरी काम के लिए आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले भी इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन इस समस्या का समुचित समाधान नहीं किया गया। इसी प्रकार वार्ड 40 ईरानी डेरा रोड सुराना कॉलेज वार्ड में कुत्तों वह जानवरों के आतंक के चलते लोग काफी परेशान हैं। आवारा कुत्तों के द्वारा आम नागरिक जेड राहगीर एवं बाइक गाड़ी वालों को दौड़ाया जाता है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की तरफ से अनीता साहू, मीनू बांदे, जया पटेल, सरस्वती ठाकुर, भावना ठाकुर, पिंकी, दीपिका ठाकुर, रीता यादव, तीरथ साहू, अमृत बाई साहू, हेमंत सेन आदि ने ज्ञापन सौंपा।

# नहीं हुआ वेतनमान संशोधन, कृषि विभाग के अफसरों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एनएचएम के बाद कृषि विभाग में पदस्थ कृषि विस्तार और अन्य अधिकारी विरोध के मूड़ में है। दो दिनों उन्होंने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर काली पट्टी लगाकार विरोध दर्ज कराया। साथ ही तय किया कि 15 सितंबर को वे अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री से मिलेंगे। साथ ही अपनी मांगों को लेकर जानकारी देंगे।

■ 15 सितंबर को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मिलने की तैयारी

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के अध्यक्ष अमित वर्मा ने कहा कि सर्वसम्मति से विरोध करने का निर्णय लिया गया है। मांगों में वेतन संशोधन 4300 ग्रे पे, ग्रामीण और कृषि विस्तार अधिकारियों के क्षेत्र का पुनर्निधारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि, विभागीय कार्य के लिए संसाधन भत्ता, सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, एमपी शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि अधिकारी के नाम का कृषि विस्तार अधिकारी किया जाना शामिल है।

# 87 छात्राओं को बांटी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 21 तितुरडीह स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल में मेयर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, पार्षद विद्यावती सिंह के साथ सरस्वती योजना के अंतर्गत 87 छात्राओं को साइकिल वितरित किया।

बाघमार ने कहा कि बेटियां हैं तो कल है। सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें। अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद अरुण सिंह, स्कूल प्राचार्य सहित अन्य मौजूद थे।



# प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज ने मनाया तीज मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज दुर्ग ने पंचवटी मैरिज पैलेस में हर्षोल्लास से तीज मिलन कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष तूलिका तिवारी ने किया। उद्बोधन प्रदेश उपाध्यक्ष आशा शुक्ला ने व्यक्त किया। मंच संचालन सचिव ज्योति द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में सभी ने समाज की प्रगति और छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा से आने वाली पीढ़ी की अवगत कराने पर जोर दिया।

■ समाज की प्रगति और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने पर दिया जोर

कार्यक्रम में ममता तिवारी और आरती तिवारी ने सभी को सुहाग की सामग्री प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, नारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा तिवारी, शक्ति महिला मंडल विप्र समाज रायपुर अध्यक्ष प्रीती शुक्ला एवं पदाधिकारी, सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष प्रीती बेहरा, मंजरी दुबे, सरयूपारी ब्राह्मण समाज दुर्ग संरक्षिका सुमन पांडेय, पुष्पा तिवारी, अध्यक्ष अर्पणा चौबे एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी मेहमान एवं मेजबान प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति दी। आयोजन की सभी ने खूब सराहना की। तीज मिलन का यह कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर और सफल रहा। अतिथियों में कार्यक्रम के आयोजन के लिए समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई भी दिए। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन तूलिका तिवारी ने व्यक्त किया।



### आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त को तीन महीने के लिए भेजा गया जेल

दुर्ग। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के आधार पर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त विनोद पिता मारकण्डे तिवारी निवासी वृन्दानगर केम्प 01 को तीन माह की अवधि के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने आदेशित किया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त ने न्यायालय में प्रस्तुत जवाब, तर्क एवं शपथ पूर्वक कथन का अध्ययन किया। विनोद तिवारी के विरुद्ध वर्ष 2022, 2023 व 2025 में लगातार नारकोटिक्स एक्ट के कुल 03 मामले एवं बीएनएस धारा 126, 135 (3) थाना वैशाली नगर में दर्ज हैं। वर्तमान में मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। विनोद आदतन आपराधी एवं तस्कर है। स्वस्थ्य एवं समाज के लिए हानिकारक है।

## महापौर अल्का ने निरीक्षण के दौरान नाली के ऊपर अवैध निर्माण और जलभराव पर जताई नाराजगी

# ड्रेन सिस्टम फेल, डेढ़ घंटे की बारिश में आधा शहर जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की सफाई व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है। मंगलवार की शाम डेढ़ घंटे की बारिश के बाद घंटों बारिश का पानी आधे शहर में जमा रहा। बिजली गुल होने से संकट और बढ़ गया। लोग परेशान होते रहे, लेकिन उनकी परेशानियों का समाधान नहीं हो सका। धीरे-धीरे पानी कम हुआ, इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि सिंधिया नगर, आदित्य नगर, मोतीपारा, दीपक नगर, कसारीडीह, पद्मनाभपुर, जेल रोड, संतराबाड़ी, बांधा तालाब, राजीव नगर, गयानगर, पोटिया क्षेत्र, बोरसी, कैलाश नगर, तितुरडीह, शंकरनगर, आर्य नगर सहित अन्य जगहों पर घंटों बारिश का पानी जमा रहा। रात करीब 12 बजे के बाद निकासी हुई। इधर बुधवार को महापौर अल्का बाघमार ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जमकर नाराजगी व्यक्त की। बाघमार ने सुबह करीब चार घंटे तक तीन वार्डों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद गुलाब वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### ओम परिसर क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार को जानकारी मिली कि ओम परिसर के पास अवैध रूप से नाली के ऊपर निर्माण किया गया है। नाली को डायवर्ट कर दिया गया है। इसके कारण बरसात के दिनों में नाली का बहाव बाधित हो रहा है। आसपास के क्षेत्रों में पानी भर रहा है। दुकानों और मकानों में पानी घुसने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। महापौर ने इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए दरोगा और जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और नाली को सही तरीके से बनवाने के निर्देश दिए।



### अवैध अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की मांग

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि ओम परिसर के समीप एक डेकोरेशन दुकान संचालक ने दुकान के बाहर अवैध रूप से सामान रखकर रास्ता घेर रखा है। इस वजह से राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने निगम प्रशासन से मांग की कि दुकान संचालक को नोटिस जारी कर तुरंत अतिक्रमण हटवाया जाए। बाघमार ने वार्ड 38 महावीर नगर स्थित मुकुंद भवन के पास के तालाब का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह तालाब हमारी ऐतिहासिक धरोहर है, इसे संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

### घंटों गुल रही बिजली, अफसरों ने नहीं उठाया फोन

जवाहर नगर जोन क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप पड़ गई। रात करीब 10 बजे कई बार विभागीय अधिकारियों को फोन लगाए गए। एई, ईई से लेकर चीफ इंजीनियर तक को फोन किया गया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। टोलफ्री नंबर और जवाहर नगर केंद्र का नंबर भी हर समय बिजी बता रहा था। इधर आदित्य नगर चौक में जमा पानी में करंटे आने की शिकायत सामने आई, लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि बिजली दफ्तर महज 100 मीटर की दूरी पर था। इसी प्रकार एमआईसी मेंबर काशीराम कोसरे ने 50 से ज्यादा बार फोन किया, लेकिन कम्प्लेन नहीं सुधार गया। महोबे किराना स्टोर के पास का डीओ उड़ गया था, उसे भी नहीं सुधारा गया।

**प्रकरण:** वन विकास निगम ने वन परिक्षेत्र पंडरिया में की कार्रवाई

# वन भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध कटाई करने वाले पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

वन भूमि में अतिक्रमण कर पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में वन विकास निगम कवर्धा ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना मण्डल के मण्डल प्रबंधक पिताम्बर साहू के निर्देशन तथा उप मण्डल प्रबंधक श्रीमती दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पण्डरिया के लिम्हईपुर बीट क्रमांक पीएफ/436 में अवैध वृक्ष कटाई एवं संरक्षित वन भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मेहरा के नेतृत्व में गठित दल में शामिल सहायक परियोजना क्षेत्रपाल श्रीकांत कुमार सिंह एवं देवसिंह भारद्वाज, क्षेत्ररक्षक दिनेश वर्मा एवं जसपाल सिंह मरकाम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विधिसम्मत वन अपराध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक परियोजना क्षेत्रपाल श्रीकांत कुमार सिंह ने बताया कि 09 सितंबर 2025 को ग्राम करपी के पांच व्यक्तियों बिहारी पिता बसउहर, धनीराम पिता भैसवार, मोहब्बत सिंह पिता मंसाराम, अधिरन पिता अनुज सिंह तथा नैन सिंह पिता जगत सभी जाति गोंड़ के विरुद्ध कुल 1.934 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए जाने के आरोप में कार्रवाई की गई।

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां माननीय न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को दिनांक 22 सितंबर 2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश पारित किया गया है।

वन विकास निगम द्वारा वन संरक्षण एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### जिले के जंगलों में सघन अभियान चलाकर कार्यवाही की जरूरत

भले ही वन विकास निगम ने वन परिक्षेत्र पंडरिया की वन भूमि में अवैध अतिक्रमण कर अवैध कटाई करने वाले पांच लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की है लेकिन यह कार्यवाही ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। सूत्रों की माने तो जिले के जंगलों में अवैध कटाई और वन भूमि में अतिक्रमण का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। स्थति ये है कि लकड़ी तस्करों द्वारा मैदानी ईलाकों तक में लगे कीमती ईमारती प्रजाति के वृक्षों पर गिद्ध नजर गड़ाए हुए हैं और मौका पाते ही उन्हें पार कर रहे हैं। ऐसे हालातों में वन विभाग और वन विकास निगम को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है जो अभी तक देखने को नहीं मिल रही है। यही वजह है कि लोग इस तरह की विभागीय कार्यवाही को महज खानापूर्ति कार्यवाही मानरहे हैं।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए आवेदन, प्रस्ताव, स्वीकृति एवं वितरण की समय-सीमा शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है।

विद्यार्थी वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। नवीनीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथियाँ 31 मई, 31 अगस्त एवं 30 नवम्बर 2025 तय की गई हैं, जिनकी स्वीकृति क्रमशः 07 जून, 07 सितम्बर और 15 दिसम्बर तक होगी। वहीं अशासकीय संस्थाओं के लिए 10 जून, 10 सितम्बर एवं 20 दिसम्बर तक की तिथि निर्धारित है। संभावित भुगतान की तिथियाँ क्रमशः 10 जून, 10 सितम्बर और 31 दिसम्बर 2025 तय की गई हैं। नवीन आवेदनों की अंतिम तिथियाँ 31 अगस्त, 30 सितम्बर और 30 नवम्बर 2025 रहेंगी। इनकी स्वीकृति 07 सितम्बर, 07 अक्टूबर एवं 15 दिसम्बर तक होगी। अशासकीय संस्थाओं के लिए यह तिथियाँ 10 सितम्बर, 10 अक्टूबर एवं 20 दिसम्बर तय की गई हैं। भुगतान की प्रक्रिया 10 सितम्बर, 10 अक्टूबर एवं 31 दिसम्बर तक पूर्ण की जाएगी। छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थियों को उनके आधार लिंक्ड बैंक खाते में 07 कार्य दिवस के भीतर प्राप्त होगी। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक एवं अनुदान आदेश लॉक की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही भुगतान किया जाएगा। इस योजना का लाभ पाने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थियों के पालक की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों के लिए 1.00 लाख रुपये तय की गई है। आवेदन के साथ स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और पूर्व वर्ष का परीक्षा परिणाम प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल से एकमुश्त पंजीयन (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) अनिवार्य होगा। साथ ही संस्थाओं के प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी का जैव-मैट्रिक प्रमाणीकरण भी आवश्यक कर दिया गया है।

शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए आवेदन करें, अन्यथा उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## शिक्षा गुणवत्ता के प्रयास पर पानी फेर रहे मुड़घुसरी जंगल प्रायमरी के प्रधान पाठक

**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम मुड़घुसरी जंगल में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक पर स्थानीय ग्रामीण पालकों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर से करते हुए प्रधान पाठक को तत्काल स्कूल से हटाए जाने की मांग की है। अपनी शिकायत लेकर जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचे ग्राम सरपंच धनराम सहित ग्रामीण गोपीराम, पतिराम, नारायण, सुनीता, शिववरण, संजू, सुशीला, चैतराम बैगा, झमऊ सिंह बैगा, दुलसराम, फिरतराम, फूलचंद, राजेन्द्र कुमार, अमरू बैगा, समरू बैगा, ज्ञान सिंह, श्याम सिंह, केशर सिंह, बजरहीन राजाराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मुड़घुसरी जंगल में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक स्वामी वर्मा लम्बे समय से पदस्थ है। लेकिन उनके द्वारा अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### बालिकाओं को दी गई पॉक्सो की जानकारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 अगस्त से 15 सितंबर तक बालिका सुरक्षा माह मनाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम द्वारा बालिका सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सुरक्षा माह के अंतर्गत विकासखंड कवर्धा के शासकीय हाई स्कूल पनेका में चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक महेश कुमार निर्मलकर ने बताया कि बाल अपराध, बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह, बाल श्रम, भ्रूण हत्या आदि के संबंध में जानकारी दी।

### इलेक्ट्रानिक सामान से भरे दुर्घटना ग्रस्त कंटेनर में चोरी



**कवर्धा।** जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग में इलेक्ट्रानिक सामान से भरे एक दुर्घटना ग्रस्त कंटेनर में चोरी का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 स्थित जीवमार नाला के पास इलेक्ट्रानिक सामान से भरा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस हादसे के बाद कंटेनर चालक इलेक्ट्रानिक सामान से भरे वाहन को घटना स्थल में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिसका बेजा फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने कंटेनर का दरवाजा तोड़कर उसमें भरे कीमती कई इलेक्ट्रानिक सामानो को पार कर दिया। मार्ग से होकर गुजरने वाले कुछ जागरूक लोगों ने इसकी जानकारी बोड़ला पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस अब वाहन चालक और वाहन मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं कंटेनर में भरे सामान को अपने कब्जे में लेकर उसे सुरक्षित किया गया है। दूसरी तरफ पुलिस अज्ञात चोरों की भी तलाश में जुट गई है।

# कारखाना के नियमित अधिकारी-कर्मचारियों ने की टूल डाउन हड़ताल

## संघ ने शासन के समक्ष रखी तीन सूत्रीय मांगें




- कारखाना में 10 से 12 सितम्बर तक कामकाज रहेगा ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में कर्मचारियों की नाराजगी एक बार फिर खुलकर सामने आई है। जिसे लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सभी नियमित अधिकारी और कर्मचारी संघ ने तीन दिन का टूल डाउन हड़ताल शुरू कर दी है।

10 सितम्बर से 12 सितम्बर तक चलने वाली इस हड़ताल में कम्प्यूटर ऑपरेटर, लिपिक, इंजीनियर, केमिस्ट और तकनीकी टीम सहित सभी विभागों के कर्मचारी शामिल हैं, जिसके चलते कारखाने का पूरा कामकाज ठप हो गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में हड़ताली कर्मचारियों अधिकारियों का कहना है कि वे ग्रेच्युटी, क्रमोन्नति और महंगाई भत्ता की मांग को लेकर वे पिछले ढाई वर्षों से लगातार प्रबंधन से गुहार लगा रहे हैं बावजूद इसके अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

हड़ताली कर्मचारियों का आरोप है कि लगातार अनदेखी के कारण वे आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं, और इसी मजबूरी में उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। भोरमदेव शक्कर कारखाना के कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बताया साल 2023 के बाद से अब तक उन्हें महंगाई भत्ता नहीं मिला है। 2 बार की पदोन्नति बाकी है जबकि हर दस साल में पदोन्नति किया जाना चाहिए, जो बीस साल होने के बाद भी नहीं दिया गया है।

हर वर्ष दो चार कर्मचारी अधिकारी रिटायर हो रहे हैं लेकिन ग्रेच्युटी भी नहीं दी गई। इन्ही मांगों को लेकर कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

कर्मचारियों अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में उनकी मांगे पूरी नहीं होती तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि फैक्ट्री में इस समय मेंटनेंस का कार्य चल रहा है कुछ दिनों बाद गन्ने की पेराई चालू हो जाएगी। सत्र शुरू होने से पहले कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इससे कारखाने के उत्पादन पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि शक्कर कारखाना में गन्ने की कम आवक से कारखाना पहले ही नुकसान में चल रहा है अगर शासन-प्रशासन इन कर्मचारियों की मांग पर गंभीरता से विचार नहीं करता है तो पेराई सीजन में इसका बड़े प्रभाव के साथ नुकसान का आंकड़ा भी बढ़ सकता है।

# किसानों ने नपं अध्यक्ष के समक्ष रखी कई समस्याएं





**साजा।** नगर पंचायत में गुरुवार को अध्यक्ष हिमांशु वर्मा की अध्यक्षता में नगर के किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से नगर में घूम रहे मवेशियों की समस्या पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने अपने सुझाव रखे और नगर में घुमंतू मवेशियों से हो रही दिक्कतों को विस्तार से बताया। अध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया कि नगर पंचायत इस विषय में ठोस कदम उठाएगी। बैठक में हरिशंकर टावरी, जनार्दन सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार राठी, अनुज वर्मा सहित नगर के कई किसान मौजूद रहे।

# जिपं में संचार एवं संकर्म स्थायी समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



जिला पंचायत कवर्धा की संचार एवं संकर्म स्थायी समिति की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण, जिला पंचायत अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के साथ-साथ प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा संचालित अन्य विकासपरक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण अंचलों की जीवन रेखा है। सड़कें केवल परिवहन का साधन ही नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक विकास की भी आधारशिला हैं। इसलिए इन योजनाओं के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। डॉ. साहू ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण एजेंसियां स्थल पर कार्य की प्रगति नियमित रूप से दर्ज करें और उसकी जानकारी समिति को उपलब्ध कराएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उनकी तकनीकी जांच समय-समय पर कराई जाएगी। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सुझाव दिया कि जहां भी सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वहां समय पर मेंटेनेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान सभापति डॉ. साहू ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करें और जमीनी स्तर पर जनता से फीडबैक लेकर कार्य की दिशा तय करें। बैठक में समिति सदस्य रामकुमार भट्ट, राजकुमार मरावी, श्रीमती सुमित्रा पटेल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**कवर्धा।** प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में गुरूवार को नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी व्याख्याता संजय श्रीवास्तव द्वारा नेवता भोज कराया गया। प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने बताया कि व्याख्याता संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा को विगत 4/5 वर्षों से लगातार प्रत्येक महिने नेवता भोज कराया जाता है, साथ ही समय-समय पर बच्चो को कापी, पेन, पेंसिल आदि का वितरण किया जाता है, श्री श्रीवास्तव ग्राम बरबसपुर के मालगुजार परिवार से ताल्लुक रखते हैं। आज के इस पुनीत कार्य में संजय श्रीवास्तव के अलावा सहायक संचालक जीडी पात्रा, टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता रमेश कुमार चंद्रवंशी विद्यालय के प्रधानपाठक सीडी भट्ट प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**गलत चयन को निरस्त कर सही उत्कृष्ट प्राचार्य चयन की मांग**

# प्रस्ताव बाद भी उत्कृष्ट प्राचार्य के चयन पर बवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उत्कृष्ट प्राचार्य के चयन के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए चयन किए जाने से बवाल मचा हुआ है। इस गलत चयन प्रक्रिया से शिक्षक आक्रोशित नजर आ रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय उपमुख्यमंत्री कार्यालय में उपमुख्यमंत्री एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक व संभागीय संयुक्त संचालक दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले में निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्ताव नहीं जमा करने के बाद भी चयनित उत्कृष्ट प्राचार्य का चयन निरस्त कर निर्धारित समयावधि में प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य हेतु करने की मांग किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पांच मई 2025 को जारी पत्र के द्वारा संभाग स्तर पर दिए जाने वाले उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए 30 मई तक प्रस्ताव मंगाया गया था। तत्पश्चात 12 जून को जारी स्मरण पत्र दो में उत्कृष्ट प्राचार्य का प्रस्ताव देने की तिथि तीस जून 2025 तक बढ़ाया गया। निर्धारित तिथि तक केवल एक प्राचार्य का प्रस्ताव जमा किया गया। तिथि समाप्ति के बाद संयुक्त संचालक कार्यालय के निर्देश के विरुद्ध एक और प्राचार्य का प्रस्ताव जमा करा लिया गया। इस प्रकार डीईओ कार्यालय से दो प्राचार्य का प्रस्ताव संयुक्त संचालक दुर्ग में जमा कर दिया गया। विवाद तब पैदा हुआ जब निर्धारित अंतिम तिथि में प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए नहीं हुआ, बल्कि निर्धारित तिथि समाप्ति के बाद प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए कर लिया गया। इस प्रकार गलत तरीके से उत्कृष्ट प्राचार्य चयन किये जाने से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। जो प्राचार्य निर्धारित समय पर प्रस्ताव जमा नहीं कर सका, उसे प्रशासन उत्कृष्ट प्राचार्य कैसे बना सकता है? उत्कृष्ट प्राचार्य का सम्मान समारोह 12 सितंबर को दुर्ग में आयोजित है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री कार्यालय व जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया है, गलत चयन को तत्काल निरस्त कर सही चयन हो सके। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# विधायक भावना बोहरा ने साझा किए कांवड़ यात्रा के अनछुए संस्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवागोडान

प्रदेश की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपनी बहुचर्चित और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा के दौरान हुए एक अनोखे अनुभव को साझा किया। श्रीमती भावना बोहरा ने सावन माह में अमरकंटक से भोरमदेव तक 157 किमी की बहुचर्चित और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा पैदल चलते हुए की थी। इस यात्रा में उन्हें कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। पत्रकारों के साथ अपनी यात्रा के कुछ संस्मरण सुनाते हुए श्रीमती बोहरा ने बताया कि लोरमी क्षेत्र के ग्राम खुड़िया के पास नदी में बाढ़ और बरसते पानी के चलते रात हो जाने पर उनके काफिले को घने जंगलों के बीच एक वनवासी बस्ती में रुकना पड़ा। वहां उन्हें एक आदिवासी परिवार के छोटे से कच्चे घर में रात बिताने के लिए शरण लेनी पड़ी।

उस रात उन्होंने कुछ महिला सहयात्रियों के साथ झोपड़ी की परछी में जमीन पर चटाई के बिछौने में रात गुजारी। उस रात झोपड़ी में एक मिट्टी का चूल्हा देखकर उनके भीतर की गृहणी जाग उठी थी। उन्होंने आदिवासी परिवार से मोटा चावल और नमक, हल्दी, मिर्च, जैसी चीजें लेकर अपने हाथों से भोजन बनाने का निर्णय लिया। मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर उन्होंने चावल पकाया। यात्रा की बेहद थकावट और पैरों में पड़े छालों की उठती टीस के बावजूद अपने हाथों से चूल्हे पर पूरी मशक्कत के साथ भोजन पकाने के लिए मन में जहां काफी उत्साह था वहीं जंगलों में अभावों के बीच जिंदगी बसर करने वाले वनवासियों के जनजीवन को न केवल समझने और साक्षात्कार करने, बल्कि आत्मसात करने का यह अवसर मेरे लिए नए अनुभव की पाठशाला भी थी।

**पेज 11 के शेष**

### बेमेतरा के दो विद्यालयों ...

वातावरण मिलेगा। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि जिस विद्यालय में उन्होंने पढ़ाई की, आज उसी के लिए नया भवन स्वीकृत कराने का अवसर मिला। साथ ही कन्या विद्यालय की सौगात बेमेतरा की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के सहयोग से यह संभव हुआ है। इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गौरव साहू, प्रेमलता नेमा गुप्ता, प्राचार्य ठाकुरदास जांगड़े, प्राचार्य कविता वाजपेई समेत शिक्षकगण और शिक्षा विभाग के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गौ माता को राज्य ...

का दर्जा मिलना चाहिए। पदयात्रा में शामिल युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। खास बात यह रही कि नगरवासियों ने भी जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत किया और समर्थन जताया।

## खबर संक्षेप

### पुरोहित संघ के नरेश शर्मा बने मंडलेश्वर





**नवागढ़।** धर्म, संस्कृति और परंपरा की रक्षा के लिए सक्रिय अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने नवागढ़ मंडल में नई टीम की घोषणा की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत सुरेन्द्र दास ने वरिष्ठ पुरोहित नरेश शर्मा भागवताचार्य को नवागढ़ मंडलेश्वर नियुक्त किया। इस निर्णय को क्षेत्रीय स्तर पर संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। संघ ने मंडल की नई जिम्मेदारियां भी तय की हैं। इनमें उप-मंडलेश्वर – पुजारी लोकेश पांडेय शिव मंदिर, सदस्यता प्रमुख – पुजारी दीपक शर्मा कात्यायनी मंदिर, संचार प्रमुख – पुजारी फूलचंद शर्मा रामजानकी मंदिर तथा पुजारी कीर्ति शर्मा को पदभार सौंपा गया है। संघ के संयोजक डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि नवागढ़ मंडल के लिए घोषित नियुक्तियां न केवल संघ की कार्यक्षमता को बढ़ाएंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर पुजारी समाज की एकजुटता और समाजसेवा की दिशा को भी नया आयाम देंगी। इन नियुक्तियों पर स 'घ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार बालादास, प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र दास, महंत हेमन्त दास, महंत नंदकिशोर दास निर्मोही अखाड़ा, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, पंडित अशोक चतुर्वेदी, महंत बसंत दास, राघवेन्द्र दास और छोटे राजा लाल जे.के. वैष्णव सहित संपूर्ण संत समाज व पुजारी-पुरोहित बंधुओं ने प्रसन्नता जताई और नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। महामंडलेश्वर महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि यह संगठनात्मक विस्तार नवागढ़ मंडल में संघ की कार्यशैली को और सुदृढ़ करेगा तथा आने वाले समय में धर्म, संस्कृति और परंपरा की रक्षा के साथ समाज सेवा को अधिक प्रभावशाली बनाएगा।

### निगम की टीम ने अवैध रोड निर्माण को बंद कराया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत खसरा नंबर 199 शासकीय भूमि शंकराचार्य मेडिकल कालेज के पास अजय बाफना द्वारा अपने प्राइवेट जमीन से एप्रोच रोड में रोड बनाया जा रहा था। उक्त स्थल पर अपने आवागमन के साधन के लिए पुलिया का निर्माण कर लिया था। जिसकी शिकायत प्राप्त होते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले दो पर चाकू से हमला

**भिलाई।** मॉनिग वॉक पर निकले दो पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि टाउनशिप सेंट्रल एवेन्यू में बुधवार को सेक्टर-2 गणेश पंडाल के सामने एक व्यक्ति और सेक्टर 5 व 6 के बीच एक को चाकू से अज्ञात तीन बाइक सवारों ने हमला कर फरार हो गए। अज्ञात आरोपी मोबाइल लूट कर फरार हो गए। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

**योजना**

गर्भावस्था में सुरक्षा और पोषण के लिए सरकार की पहल

# माताओं का संबल और स्वास्थ्य का वरदान है मातृ वंदना योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मां बनना हर स्त्री के जीवन का सबसे सुखद अनुभव है, लेकिन इसके साथ कई जिम्मेदारियाँ और चुनौतियाँ भी जुड़ी रहती हैं। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोरी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर वे अपने और शिशु के स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान नहीं दे पातीं।

■ ग्रामीण माताओं के जीवन में नई उम्मीद, मातृ वंदना योजना से फायदा

इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत प्रथम गर्भावस्था में लाभार्थियों को 5,000 रुपये की सहायता राशि दो किश्तों में सीधे डीबीटी के माध्यम से दी जाती है। साथ ही, पात्रता अनुसार बालिका जन्म पर 6,000 रुपये की अतिरिक्त राशि भी प्रदान की जाती है। यह आर्थिक सहयोग माताओं को पौष्टिक आहार, चिकित्सकीय परामर्श और शिशु के पोषण में मददगार साबित हो रहा है। बेरला परियोजना के सेक्टर देवरबीजा-01 की सैकड़ों माताओं ने इस योजना का लाभ लिया है। ग्राम पंचायत डंगनिया बी की श्रीमती मोनिका बताती हैं कि मातृ वंदना योजना ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई। गर्भावस्था के दौरान प्राप्त राशि से उन्होंने पौष्टिक आहार व चिकित्सकीय सुविधाएँ लीं और शिशु के लिए आवश्यक दवाइयाँ खरीदीं।

आज वे और उनका बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। श्रीमती मोनिका का कहना है कि इस योजना ने न केवल आर्थिक सहयोग दिया बल्कि मानसिक संबल भी प्रदान किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, कुपोषण से निपटना और महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य व पोषण संबंधी सहयोग देना है। ग्रामीण अंचलों तक पहुँच रही यह योजना महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बना रही है और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ व मजबूत बनाने में अहम योगदान दे रही है।

---

# स्थानांतरण पर शहरवासियों ने दी एसडीओपी तिर्की को विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) मनोज तिर्की का स्थानांतरण बीजापुर जिले के लिए हो गया। करीब तीन साल तक बेमेतरा में पदस्थ रहे तिर्की को गुरुवार को जिला पुलिस व प्रशासनिक अमले ने गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी। समारोह में अधिकारियों ने न सिर्फ उन्हें सम्मानित किया, बल्कि उनके साथ काम करने के अनुभव भी साझा किए।

उल्लेखनीय हैं कि मनोज तिर्की ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता का विश्वास जीतने में सफलता हासिल की। गंभीर अपराधों की जांच में उन्होंने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की। चुनावी ड्यूटी से लेकर रोजमर्रा की पुलिसिंग तक, उनकी कार्यशैली को लेकर जिलेभर में सकारात्मक चर्चा रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने समारोह में कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा होता है। हर जगह से कुछ नया सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि तिर्की ने अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाई और अपराधों के त्वरित निराकरण से जनता का विश्वास जीता। मनोज तिर्की ने कहा कि उन्हें बेमेतरा में वरिष्ठ अधिकारियों और अधीनस्थ स्टाफ का पूरा सहयोग मिला। यहां बिताए गए तीन साल मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी रहेंगे। जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे मैंने पूरी निष्ठा और लगन से निभाने का प्रयास किया।

---

# भिंभौरी में विद्युत कर्मीयों कर्मचारियों की भारी कमी



**बेरला/भिंभौरी।** विद्युत वितरण कम्पनी भिंभौरी के अधीन संचालित भिंभौरी पिरदा, नेवनारा और गोड़गिरी सब स्टेशन लंबे समय से कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। विभाग में मरम्मत करने वाले कर्मचारियों की संख्या बेहद कम होने से छोटी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े संकट में बदल जाती है। सोमवार को नेवनारा सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाली बस्तियों में यही स्थिति देखने को मिली। सुबह 11 बजे बंद हुई लाइन शाम 4 बजे तक खमतराई, गाड़ामोर, उफरा और खंघारपाट तक ही चालू हो पाई। वहीं सिंगारडीह और बोहारडीह में रात आठ बजे जाकर बिजली बहाल हुई, वह भी लो वोल्टेज की समस्या के साथ। रात 9 बजे लाइन फिर से बंद हो गई, जिसे लाइनमेन और ऑपरेटरों ने लूप बदलकर किसी तरह चालू किया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कर्मचारी डटे न रहते तो पूरी बस्ती अंधेरे में ही डूब जाती।

फिलहाल कंपनी के पास महज पांच लाइनमेन और छह ठेका कर्मचारी ही हैं। इनमें शासकीय लाइनमेन योगेंद्रनाथ साहू, झूमुकलाल और सोमनाथ (अनुकंपा नियुक्ति), संविदा कर्मचारी अमित साहू व हरिचरण साहू शामिल हैं। वहीं ठेका कर्मचारी धनंजय निषाद, शुभम वर्मा, कुमारु यादव, संत कुमार जांगड़े, मनोज, पंकज वर्मा, अश्वनी नेताम और चोवाराम नेताम मरम्मत कार्य में जुटे रहते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से नई भर्ती नहीं होने के कारण व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। हालात यह हैं कि प्रत्येक सब स्टेशन पर एक ही ऑपरेटर रहता है, न तो सुरक्षा गार्ड तैनात हैं और न ही कहीं सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। ऐसे में दुर्घटना या तकनीकी खराबी की समय पर जानकारी तक नहीं मिल पाती। ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई बार घेराव और विरोध कर चुके हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही जस की तस बनी हुई है।

---

# रजत महोत्सव पर पेंशनरों के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर, मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रजत महोत्सव अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने बेमेतरा के पेंशनरों के लिए गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान विभाग ने नेत्रदान पखवाड़ा भी मनाया। बड़ी संख्या में पेंशनर अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए और स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ नेत्र सुरक्षा व नेत्रदान की जानकारी हासिल की।

■ स्वास्थ्य जांच में 7 पेंशनरों में मोतियाबिंद, 12 में उच्च रक्तचाप मिला

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश, सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 65 पेंशनरों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में 7 पेंशनरों में मोतियाबिंद, 12 में उच्च रक्तचाप, 8 में शुगर और कई अन्य में सर्दी-खांसी, बुखार व कमर-दर्द जैसी सामान्य समस्याएं पाई गईं। सभी को उचित चिकित्सकीय सलाह और दवाइयां दी गईं।

शिविर के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. बीएल राज ने वृद्धजनों को नेत्रदान की प्रक्रिया व उसके लाभों की जानकारी दी और उन्हें नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कौन नेत्रदान कर सकता है, प्रक्रिया क्या है और इसका लाभ किसे मिलता है।

इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अभिताभ साहू, नर्सिंग ऑफिसर दीपांजलि डेनियल, नेत्र सहायक विद्यासागर, बीएमओ खण्डसरा डॉ. शरद कोहड़े, डॉ. विजय कुमार देवांगन, नेत्र सहायक अधिकारी योगेन्द्र भार्गव, स्वास्थ्य संयोजक सुनील पात्रे व मनोज कुमार राजपुत तथा थानुराम साहू ने सेवाएं दीं।

---

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में शिक्षकों ने सीखा छात्रों का मानसिक संतुलन साधने का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आज के दौर में बच्चों की पढ़ाई से बड़ा इम्तिहान उनका मानसिक संतुलन बन गया है। इसी अहम विषय पर एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के गर्ल्स ऑडिटोरियम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) उत्कृष्टता केंद्र, भुवनेश्वर की ओर से क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य विषय था विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग सीबीएसई स्कूलों से पहुँचे 61 शिक्षकों ने इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीबीएसई के संसाधन व्यक्तियों शर्मिला मुखर्जी और रॉयन फीग्रेड ने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम चार सत्रों में हुआ। जहां केवल भाषण ही नहीं बल्कि व्यावहारिक गतिविधियों और अंत में मूल्यांकन (आकलन) के जरिये शिक्षकों की समझ भी परखी गई। आज का छात्र सिर्फ किताबों के बोझ से नहीं दबा, बल्कि परीक्षा का दबाव, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और तकनीकी चुनौतियों से भी जूझ रहा है। अच्छा मानसिक स्वास्थ्य उसे न सिर्फ पढ़ाई में आगे ले जाता है बल्कि आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक सोच भी देता है। प्राचार्य और संचालिका का संदेश विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा-शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को समझना भी उतना ही जरूरी है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को नए दृष्टिकोण और कौशल से सशक्त करेगा। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने कहा—जैसे हम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में निरंतर लगे रहते हैं, वैसे ही शिक्षकों के लिए भी लगातार सीखते रहना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य पर यह प्रशिक्षण शिक्षकों को और संवेदनशील और प्रभावी बनाएगा।

---

# छात्रों ने देखा पुरखौती मुक्तांगन और आदिवासी संग्रहालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा के कक्षा 6वीं और 9वीं के 110 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण 6 सितंबर को सम्पन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से बाहर निकालकर इतिहास, संस्कृति और विज्ञान से प्रत्यक्ष परिचय कराना रहा। विद्यार्थियों ने नया रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय का अवलोकन कर वहां की परंपराओं, कला, वेशभूषा और धार्मिक मान्यताओं की जानकारी ली। पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और विरासत को करीब से देखा। वहीं ऊर्जा पार्क की सैर ने बच्चों को ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण बचत और वनस्पतियों-जंतुओं के महत्व से अवगत कराया।

■ नवोदय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

यह भ्रमण प्राचार्य किशोर कुमार दहिकर के मार्गदर्शन तथा शिक्षक सुनील दम्बारे, टोप्पो, रैचेल एस बिलंग और पूनम लता की देखरेख में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य दहिकर ने बताया कि इस यात्रा से विद्यार्थियों में अनुशासन, जिज्ञासा, समूह कार्य और सांस्कृतिक चेतना का विकास देखने को मिला। सभी विद्यार्थी पूरे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए।

---

# लक्ष्य एक : दुर्ग संभाग श्रेष्ठ अभियान पर जोर

## शिक्षा गुणवत्ता सुधारने संकुल प्राचार्य ने ली क्लास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने अब अधिकारी खुद कमान संभाल रहे हैं। दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक द्वारा हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में दिए निर्देशों के बाद संकुल स्तर पर शिक्षकों की क्लास ली जा रही है। इसी कड़ी में संकुल भरदा में संकुल प्राचार्य विकेश कुमार यादव और सीएसी जागृतदास बारले ने प्रधान पाठक व शिक्षकों की बैठक ली। सीएसी बारले ने कहा कि हर स्कूल में बाल देवो भवः लिखा होना चाहिए, ताकि शिक्षकों को बच्चों को ईश्वर समान मानकर कार्य करने की प्रेरणा मिले। उन्होंने लक्ष्य एक : दुर्ग संभाग श्रेष्ठ के लिए रणनीति बनाकर अमल करने पर जोर दिया। संकुल प्राचार्य यादव ने बताया कि हर स्कूल तीन छोटे लक्ष्य लेकर काम करेगा— बच्चे बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान पाएं, सभी बच्चे शत प्रतिशत उत्तीर्ण हों और हर कक्षा में प्रभावी शिक्षण हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता अभियान की सफलता शिक्षकों की तैयारी और अधिकारियों की सघन मॉनिटरिंग पर निर्भर करेगी।

### मॉनिटरिंग होगी सख्त

अब बीईओ, बीआरसीसी और सीएसी प्रार्थना सभा से ही निरीक्षण शुरू करेंगे। समय पर स्टाफ की उपस्थिति, बच्चों द्वारा सूक्ति वाचन और सामान्य ज्ञान प्रस्तुति अनिवार्य होगी। साथ ही स्कूल की साफ-सफाई, एमडीएम की गुणवत्ता और शैक्षणिक गतिविधियों की भी जांच होगी।

**कक्षा में भी दिखेगी तैयारी:** शिक्षकों को बिना तैयारी कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा। अधिकारी कक्षा में बैठकर अध्यापन का अवलोकन करेंगे। सभी संस्था प्रमुख और प्राचार्य को भी कम से कम दो कालखंड पढ़ाना अनिवार्य होगा। बैठक में प्रधान पाठक शांति कुमार बघेल, प्रवीण कुमार परगनिहा, अनुज राम मेवारी सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

---

# सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया



**बेमेतरा/बेरला।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत बुधवार को परपोड़ा, खिसोरा, बचेड़ी एवं मोहभट्टा के शासकीय विद्यालयों में बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरित की गई।

चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परपोड़ा में 27, हाई स्कूल खिसोरा में 31, हाई स्कूल बचेड़ी में 22 तथा पं. देवीप्रसाद चौबे हायर सेकेंडरी स्कूल मोहभट्टा में 29 छात्राओं को सायकल प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल रहे। अध्यक्षता जिला पंचायत बेमेतरा के उपाध्यक्ष बलराम पटेल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नीरज राजपूत थे। अतिथियों ने मां सरस्वती, भारतमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्बोधन में पूर्व विधायक चंदेल ने कहा कि यह योजना गरीब एवं दूरस्थ अंचल से आने वाली छात्राओं के लिए शिक्षा की राह में मील का पत्थर साबित हुई है। बलराम पटेल ने कहा कि सायकल योजना से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे शिक्षा के प्रति अधिक उत्साहित हुई हैं। जनपद सदस्य नीरज राजपूत ने योजना के प्रणेता डॉ. रमन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना ने प्रदेश में बेटियों की शिक्षा दर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, शाला समिति अध्यक्ष, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। छात्राओं ने सायकल पाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

## सुनील वर्मा बने जेसीपी ब्लॉक अध्यक्ष, राज साहू को मिला युवा क्रांति सेना का नेतृत्व

# छग क्रांति सेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की संयुक्त बैठक साजा में सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मुक्तिधाम रोड स्थित वर्मा फार्म हाउस साजा में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की आरती से हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निलेश साहू (छ.क्रा.से.), राजेन्द्र पटेल (जिलाध्यक्ष जेसीपी), सूर्या सिंह चौहान (नगर अध्यक्ष जेसीपी बेमेतरा), ढालेन्द्र साहू (जिला मीडिया प्रभारी छ.क्रा.से.), लुकेश्वर साहू (खंड अध्यक्ष छ.क्रा.से. बेमेतरा) एवं कन्हैया सिन्हा (नगर अध्यक्ष देवकर छ.क्रा.से.) उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के उद्देश्य, ध्येय और कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाध्यक्ष निलेश साहू की अनुशंसा पर खंड अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की।

छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना, साजा खंड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी राज साहू (गाड़ाडीह) को सौंपी गई। महामंत्री त्रिलोक साहू (सोनचिरैया), सचिव उमेश पटेल (भरदा), कोषाध्यक्ष सुरेश साहू (भरदा) और मीडिया प्रभारी लीलाराम साहू (बरगा) बनाए गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जागेश्वर (जग्गु) साहू (चीचगांव), सोनू यादव (राखी) और अजय साहू (बरगा) का चयन हुआ। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, साजा खंड में महामंत्री के रूप में जितेन्द्र सिंह राजपूत (देवकर), उपाध्यक्ष के रूप में हेमराज यादव (राखी) एवं जितेन्द्र पटेल (पेण्ड्रावन), सचिव के रूप में सूर्यकांत साहू (सहसपुर) और सह-सचिव धर्मेन्द्र वर्मा (मुड़िया) की घोषणा की गई। मीडिया प्रभारी लोकेश साहू (भरदा), आईटी प्रभारी डाकवर साहू (बरगा) तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में खेलावन कौशल और तूषार वर्मा (गाड़ाडीह) का चयन हुआ।

इसी तरह जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पटेल ने संगठन विस्तार की घोषणा की। जिला प्रतिनिधि के रूप में वीरसिंह साहू (चीचगांव), नरसिंह जंघेल (सोहागपुर) और टीकेश्वर साहू (बेलतरा) को जिम्मेदारी सौंपी गई। सुनील वर्मा को साजा खंड अध्यक्ष तथा दुर्गा प्रसाद साहू को परपोड़ी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। खंड प्रतिनिधि के रूप में बिसेन साहू (भटगांव), कमलेश साहू (भरदा) और सूरज कुमार (अकलवारा) चुने गए। बैठक में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनहित में संघर्ष और छत्तीसगढ़िया अस्मिता की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अंकित साहू, संजय कुमार, ओमप्रकाश साहू, निखिल यदु, नरसिंह सिन्हा, विनय साहू, घनश्याम साहू, देवनाथ साहू, बिसौहा वर्मा, जितेन्द्र साहू, सुनील कुमार साहू, जारेश साहू, विनय मरकाम, विक्रम नेताम, खेलावन कौशल सहित बड़ी संख्या में सेनानी उपस्थित रहे।

